### निगम व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्ययोजना

# दिवाली पर मार्केट को व्यवस्थित करने चार पार्किंग स्थल बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आगामी दिपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए शहर में भीड़ से आवागमन बाधित न हो इसके लिए पार्किंग व्यवस्था को लेकर निगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल, थाना प्रभारीगण एवं चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष अजय भसीन सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में त्योहारी सीजन को देखते हुए आवागमन एवं मार्केट को सुव्यवस्थित करने हेतु विस्तार से चर्चा हुई। ट्रैफिक वाले स्थलों का चिन्हांकन कर पार्किंग स्थल बनाने के संबंध में चर्चा की गई।





### इन मैदानों पर होगी पार्किंग व्यवस्था

पावर हाउस पार्किंग हेतु लाल मैदान, दुर्गा पंडाल मैदान, गणेश पंडाल मैदान एवं फल मंडी के पीछे पानी टंकी मैदान का चयन किया गया है। फटाका दुकान संचालित करने हेतु चयनित स्थलो में नियम एवं प्रावधानो को विशेष ध्यान देते हुए दुकान लगाया जाना है । जिसके लिए नियमानुसार चार दुकानों के बीच में दूरी निर्धारित रहेगा। अवैध रूप से संचालित दुकानों के ऊपर कार्यवाई होगी । सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक के दुकानों को व्यवस्थित कराने हेतु अवैध दुकानदारों के उपर दाण्डिक कार्यवाही होगी। दुकानों के सामने अवैध दुकान संचालित करने वाले या अपने दुकानों के सामने दुकान विस्तार करवाने वाले के खिलाफ 5000 रुपए पेनाल्टी की कार्यवाही की जावेगी। अपने दुकानों के सामने किसी भी अवैध दुकानों को संचालित न होने दें।

### मुख्य मार्गों पर ब्रेकर की मांग

नंदनी रोड व्यवसाइयों एवं खरीदारों हेतु शौचालय एवं पार्किंग व्यवस्था बनाने को लेकर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्य द्वारा मांग की गई। इसी तरह घड़ी चौक समीपस्थ वेंकटेश्वर टॉकीज मोड़ के पास मुख्य मार्ग में ब्रेकर निर्माण हेतु मांग की गई। पुलिस यातायात विभाग एवं नगर निगम भिलाई के संयुक्त टीम द्वारा निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था किया जाएगा। अंधेरे में होने वाली दुर्घटना को रोकने शहर में प्रकाश व्यवस्था को सुदृड़ किया जाएगा। शहर के चौक-चौराहो में लगाए गए सी.सी.टी.वी. कैमरा को शीध्र संधारण कराने के संबंध में चर्चा की गई है। दुकानदारों द्वारा लगाए गए सी.सी.टी.वी. के सुधार एवं संधारण के लिए चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगणों को बताया गया है । जिससे अपराधियों एवं असमाजिक गतिविधि में संलग्न व्यक्तियों को पकड़ा जा सके । आवागमन को बाधित करने वाले दुकान संचालको पर 5000 का जुर्माना लगाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मुख्य स्थलों पर डस्टबिन रखकर गार्बेज को एकत्र कर हटाने की कार्यवाही निरंतर की जाएगी।

### कट्टा दिखाकर लोगों को डराने वाले तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग पुलिस ने कट्टा दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कट्टा जब्त कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थाना मोहन नगर से मिली सूचना के मुताबिक उन्हें मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक बलेनो कार में सवार कुछ लोग कट्टा जैसा हथियार रख कर आने जाने वालों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस की एक टीम धमधा रोड की तरफ गई। टीम ने बलेनो कार में सवार संदेहियों को घेरा बंदी कर पकड़ा। तलासी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस मिला। संदेहियों को हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर उन्होंने लोगों को कट्टा दिखाना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी मनीष सोनी (37 साल) निवासी कातुलबोर्ड दुर्ग, गुरूनाम सिंह उर्फ लक्की सरदार (28 साल) निवासी आदित्य नगर दुर्ग, लव कुमार रामटेके (29 साल) निवासी ममता नगर राजनांदगाव को गिरफ्तार किया।










# बैंक ट्रांजेक्शन के लिए ग्रामीणों को नहीं पड़ेगा भटकना, 180 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू

**गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में 50 सेंटरों के साथ हुआ त्रिपक्षीय समझौता, जिले में 267 केंद्रों की मिल चुकी स्वीकृति, 130 पहले से हो रहे संचालित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों के लिए अच्छी खबर है, अब उन्हें किसी भी प्रकार के बैंक ट्रांजेक्शन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उनके पंचायत में ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खुलेंगे। दुर्ग जिले के करीब 180 पंचायतों में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। अलग-अलग चरणों में सेंटर खोले जा रहे हैं। अब तक 267 सेंटरों की स्वीकृति मिल चुकी है। 130 पहले ही संचालित हो रहे हैं। 137 की पिछले दिनों स्वीकृति मिली। उनमें से 50 को गुरुवार को शुरू किया गया। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को बैंक खाते से पैसा निकालना, किसी भी प्रकार का चालान जमा करना आसान होगा। वे पेंशन, मनरेगा, महतारी वंदन से लेकर अन्य शासकीय योजना की ट्रांसफर राशि भी इन सेंटरों से निकाल सकेंगे। एटीएम, पासबुक और थम्ब इंप्रेशन तीनों माध्यमों से राशि निकालने की सुविधा होगी। गुरुवार को एमओयू के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सीईई बजरंग दुबे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा पवन शर्मा, जितेन्द्र यादव, नीलम चन्द्राकर, प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, कल्पना नारद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### अब तक ग्रामीणों को पैसे के लिए पड़ता था भटकना, नई व्यवस्था से ट्रांजेक्शन में फायदा

सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि देखने में आया है कि पैसों को लेकर ग्रामीणों को खासी परेशानी होती थी। गांव में एटीएम नहीं होते, दूरदराज से उन्हें पैसे निकालकर लाना पड़ता था। इसमें अन्य प्रकार के खतरे थे। अब यह परेशानी नहीं होगी। धमधा, अछोटी, बिरेभाट, बोरसी, दुर्ग, अंडा, बासीन, चिखली, डुमरडीह, हनोदा, पउवारा, रवेलीडीह, सिरसाखुर्द में त्रिस्तरीय समझौता हुआ। समझौता जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत और कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा अधिकृत वीएलई के मध्य हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था से ग्रामीणों को काफी फायदा होगा। आनलाइन सुविधाओं से वे सीधे जुड़ेंगे। राज्य और केंद्र शासन की अधिकांश योजना डिजिटल प्लेटफार्म में शिफ्ट हो रही है। इसे देखते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जा रहे है। जल्द ही जिले के सभी 300 पंचायतों में इसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगेगा। इसके लिए सभी पंचायतों को इंटरनेट की सेवा से जोड़ा जा रहा है। पंचायत भवन में भी एजेंसी को अलग से काउंटर भी उपलब्ध कराया गया है।




### खाता खोलने से लेकर राशि जमा करने तक की सुविधा

बजरंग दुबे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत खाता खोलने से लेकर राशि जमा करने तक की सुविधा ग्रामीणों को मिलेगी। वे निकासी के साथ बैलेंस जांच कर सकेंगे। आय, जाति, निवास, शासकीय योजनाओं में आवेदन, मनरेगा, पीएम आवास योजना की राशि इन सेंटरों के माध्यम से निकाल सकेंगे। अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के संचालन हेतु जिला स्तरीय अनुबंध किया गया। सीएससी वीएलई के लिए पंचायत कार्यालय में बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत पर कार्रवाई भी होगी।

---

**खबर संक्षेप**

### शिवाजी नगर रिहायशी इलाके से हटी शराब भट्टी



**भिलाई।** भिलाई के वार्ड 51 शिवाजी नगर अटल आवास के सामने में विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान (शराब भट्टी) को रिहायशी इलाके से दूर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर चल रहे 12 दिवसीय धरने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। नगर निगम भिलाई द्वारा शराब भट्टी को प्रस्तावित स्थान से हटाकर स्टेडियम मे स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह के साथ महिलाओं ने लगातार 12 दिनों तक शांतिपूर्ण धरना दिया संघर्ष तब शुरू हुआ जब शराब भट्टी को जोन 4, , वार्ड-51 शिवाजी नगर के एक रिहायशी क्षेत्र के पास खोलने का प्रस्ताव आया। क्षेत्र की महिलाओं ने इसका कड़ा विरोध किया और एकजुट होकर धरने पर बैठ गईं। जसप्रीत सिंह ने क्षेत्रवासियों के साथ हर जगह संबंधित अधिकारियों को पत्र सौंपे और मोहल्लेवासियों को लेकर सांसद विजय बघेल को भी ज्ञापन दिया। इसके बाद सांसद ने भट्टी को वहां न खुलने देने का आश्वासन दिया। जन दबाव के बाद नगर निगम भिलाई के संकल्प के अनुसार, शराब भट्टी को प्रस्तावित स्थान से हटाकर 'स्टेडियम' में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। निगम द्वारा वार्ड 51 की जनता के हित में लिए गए फैसले का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है।

---

**सामान्य प्रशासन की स्थाई समिति बैठक में सभापतियों ने लचर व्यवस्था को लेकर की शिकायत**

# बिजली गुल होने से चार गांव के किसान परेशान सर्विस लेन के नाम पर मांगे जा रहे 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक सदस्यों ने लचर बिजली व्यवस्था को लेकर जमकर नाराजगी व्यक्त की। सदस्यों ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों पर अवैध वसूली की शिकायत आने तक की जानकारी। उन्होंने बताया कि महमरा के आसपास आवास निर्माण के दौरान सर्विस लेन खींचने के नाम पर 20 हजार रुपए तक की डिमांड की जा रही है।

कई किसानों और ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी है। इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार सभापति नीलम चंद्राकर ने बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अमलेश्वर, पाहंदा, सांकरा, तर्रा, जामगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में अचानक बिजली गुल हो रही है। घंटों मेंटेनेंस नहीं हो रहा। किसान इससे खासे परेशान है। इसके अलावा संचालित होने वाली स्टोरेज फैक्ट्रियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस पर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने स्टाफ की कमी की जानकारी दी। वहीं अवैध वसूली को लेकर की जा रही शिकायत का खंडन करते हुए मामले में जांच किए जाने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे अध्यक्षता में हुई बैठक में सीईओ बजरंग कुमार दुबे, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, सभापति प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, कल्पना साहू, जितेन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में सड़क का मुद्दा भी उठा, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद मेंटेनेंस का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद सभी जगहों की सड़कों का मेंटेनेंस होगा।

**जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जर्जर सड़कों का भी उठा मुद्दा**




### जामगांव एम स्कूल में नहीं शिक्षक, खपरी-सिलोदा में भी दिक्कत

बैठक में सबसे पहले शिक्षा विभाग की चर्चा हुई। इस दौरान आत्मानंद स्कूलों में संविदा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भर्ती प्रक्रिया 15 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश। सदस्यों ने कहा कि खपरी-सिलोदा में गणित शिक्षक की संलग्नता है। पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत जामगांव एम में शिक्षक न होने की स्थिति पर शिक्षक पदस्थापना हेतु आदेश देने की बात कही गई। सदस्यों ने युक्तियुक्तकरण को लेकर सामने आई दिक्कतों को लेकर शिक्षा विभाग से जानकारी चाही।

### बिजली को लेकर पूरे ग्रामीण क्षेत्र में किसान परेशान, शिकायतों का भी नहीं हो रहा समाधान

सदस्यों ने कहा कि बिजली को लेकर पूरे जिले में किसान परेशान है। मोटर नहीं चलने से खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, वहीं कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हुई है। इसी प्रकार बिजली गुल होने की समस्या बनी हुई है। घंटों मेंटनेंस नहीं हो रहा। महमरा में कर्मचारी की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र व्यवस्था करने को कहा गया। ट्रांसफार्मरों की मरम्मत एवं बिजली आपूर्ति को सुचारु करने के निर्देश दिए गए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की चर्चा में नवागांव व टेमरी में रोड किनारे वृक्षारोपण की जानकारी दी गई। संबंधित विभाग को माली की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों के पास शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। किसान और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

### खस्ताहाल सड़कें, ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही तक मुश्किल

सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों की खस्ता हाल सड़क का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सड़कों की हालत बेहद खराब है। कोड़िया-भानपुरी रोड में गड्ढे हैं। टेमरी, घुघवा, अचानकपुर, बेलौदी में सड़क ब्रेकर निर्माण एवं पेंटिंग कराने को कहा गया। डांडेसरा से ढाबा मार्ग में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की मरम्मत हेतु निर्देश। नवांगांव-करेली रोड की स्वीकृति 2011-12 में हुई। बावजूद सड़क नहीं बनी। पुरदा-नवांगांव मार्ग निर्माण को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश सदस्यों ने दिए। नवागांव-खैरागढ़ रोड की दुर्दशा पर उपाध्यक्ष द्वारा चिंता व्यक्त की गई, तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए।

---



# पैरालीगल वालेंटियर्स न्याय तक पहुंचने वाले सेतु, उन्हें हर जानकारी होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

पैरा वालेंटियर्स की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने मुख्य रूप से आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, तस्करी एवं वाणिजिक यौन शोषण के संबंध में विधिक सेवाएं योजना 2015, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन योजना 2015, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन योजना 2015, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पैरालीगल वॉलेंटियर्स न्याय तक पहुंच के सेतु है। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता ही विधिक सहायता की सफलता का आधार है।

प्रत्येक पीएलवी को न केवल योजनाओं की गहन जानकारी रखनी चाहिए बल्कि विधिक सेवा हेतु पात्र समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर विधिक जागरूकता शिविर, विद्यालयों में विधिक साक्षरता कार्यक्रम तथा डोर टू डोर अभियान के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी जाए।

---

**आपदा से निपटने 112 पर करें फोन**

# आपदा प्रबंधन से जुड़ी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना आवश्यक





हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

साइंस कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहना हम सबका दायित्व है। हम सभी को प्राकृतिक अथवा कृत्रिम आपदा के समय स्वयं की रक्षा के साथ-साथ आसपास के लोगों के सुरक्षा का भी दायित्व बोध होना चाहिए। बीएसपी अधिकारी स्वतंत्र ताम्रकार ने विस्तार से जानकारी दी। लायंस क्लब दुर्ग विजन एवं साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों के समक्ष उन्होंने अपनी बात रखी। ताम्रकार ने कहा कि शासन द्वारा विपत्ति के समय के लिए डायल नंबर 112 जारी किया है। इसके बारे में हर किसी को अवगत होना आवश्यक है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आपदा से जुड़े विषयों के बारे में अवगत कराया।

- साइंस कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, बीएसपी अधिकारी ने दी जानकारी

### साइंस कॉलेज में चल रहा सर्टिफिकेट कोर्स

भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ किया गया है, जिसका निर्धारित शुल्क 500 है। एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्रा छवि परमार, जयति एवं लोकेश्वरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिनाथ झा ने कहा कि आपदा प्रबंधन की कार्यशाला आयोजित करने हेतु लायंस क्लब का आभार। इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों को समाज के हित में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. रूचि सक्सेना, लायंस क्लब दुर्ग विजन के अध्यक्ष आरके वर्मा, पीबी सक्सेना, मीनाक्षी अग्रवाल, विनती अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी दुबे, सुनंदा स्वामी, विभा गाता, राजलक्ष्मी तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

---

# चौहान एस्टेट में चल रहा था हुक्का बार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

**पुलिस ने चार को भेजा जेल**



भिलाई में सुपेला थाना अंतर्गत मौर्या टॉकीज के पास बने चौहान स्टेट के फर्स्ट फ्लोर में हुक्का बार संचालित हो रहा था। सुपेला पुलिस ने छापेमारी करके वहां से प्रतिबंधित हुक्का और फ्लेवर युक्त तंबाकू सहित अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 अक्टूबर को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की चौहान स्टेट में रौक एण्ड रोल फस्ट फलोर में राजकुमार मुगम नाम का दुकान संचालक लोगों को कुर्सी टेबल में बैठाकर हुक्का परोस रहा है। पुलिस की टीम तुरंत वहां पहुंची तो देखा कि कुछ लोग वहां हुक्का का सेवन कर रहे हैं। पुलिस को आता देख हुक्का पीने वाले कुछ लड़के भाग गये और कुछ पकड़े गए। पूछताछ करने पर पकड़े गए लड़कों ने अपना नाम अमित खत्री (19 साल) निवासी वार्ड 24 सिंधी कालोनी सत्यम बेकरी गली थाना मोहन नगर दुर्ग, निशांत नायक (25 साल) निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 6 बैगापारा दुर्ग, श्रेयांश चंद्राकर (24 साल) निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 6 बैगापारा दुर्ग बताया। पुलिस ने इस तीनो लड़कों के साथ ही उन्हें हुक्का परोसने वाले दुकान संचालक राजकुमार मुगम (32 साल) निवासी बालाजी नगर वार्ड 30 राम मंदिर के पीछे खुर्सीपार को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से हुक्का पाट बडा 2 नग, हुक्का पाट छोटा 2 नग , तीन डिब्बा विभिन्न पैकेटो में मिक्स हुक्का, सिल्वार क्वाइल पेपर 3 नग, आधा किलो लकड़ी का कोयला सहित करीब 9 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 21(क), 21(ख), 4(क), सिगरेट तंबाकू अन्य उत्पादन अधिनियम 2003 के तहत कार्रवाई की गई है।

---

# स्पा सेंटरों के लिए कानून बनाने और सेन जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



- सेन समाज दुर्ग ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा

छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज व सेलून व्यवसाय महासंघ के आव्हान पर दुर्ग जिला सेन समाज ने रैली निकालकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भी ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यक्ष भीखम सेन व सेलून व्यवसाय महासंघ के अध्यक्ष संतोष सेन के नेतृत्व में समाज के लोग सेन भवन शक्ति नगर से रैली के रूप में कलेक्ट्रट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के सामने पुलिस ने रैली को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की थी। पुलिस ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को अंदर जाने दिया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने स्पा सेंटरों को लेकर शासन से कानून बनाने की मांग प्रमुखता से की।उन्होंने कहा कि स्पा सेंटर के संचालक इसे सेलून के रूप में प्रचारित कर लोगों को भ्रमित करते हैं। सेलून व्यवसाय सेन समाज का पारंपरिक व्यवसाय है, जिसका स्पा सेंटरों से कोई लेना देना नहीं। स्पा सेंटर चलाने वाले भी दूसरे लोग होते हैं। इसलिए स्पा सेंटरों के संचालन के लिए कानून बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेन जयंती पर सार्वजनिक आवकाश घोषित करने के साथ कुछ अन्य मांगे हैं, जिससे शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। उम्मीद है शासन समाज की मांगों पर जल्द उचित कदम उठाएगा। स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य को रोकने के लिए कानून बनाया जाए। सेलून व्यवसाय को सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित किया जाए, ताकि समाज की परंपरागत जीविका सुरक्षित रहे। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के माध्यम से समाज हित में विशेष कदम उठाया जाए। सेलून व्यवसाय के उत्थान के लिए योजानाएं शुरू की जाए। जिसका लाभ सीधा समाज को मिले। नाई जाति के ट्रेड मेन भर्ती में अन्य समुदायों के लोगों को लिए जा रहे हैं, जिस पर रोक लगाई जाए। शासकीय नौकरी ट्रेड मेन एवं अन्य विज्ञापित पदों पर सेन समाज को प्राथमिकता दी जाए। सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणी सेनजी की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए।

---

**दुर्ग जिले में कांग्रेस के तीन जिला संगठनों के नए अध्यक्षों को लेकर जोरआजमाइश**

# जिलाध्यक्ष के लिए 80 का वनटूवन, 6-6 का पैनल बनाकर भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

दुर्ग जिले में कांग्रेस के तीन जिला संगठनों में अध्यक्ष बनने को लेकर जोरआजमाइश लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। गुरुवार को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम करीब 5 बजे कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता सर्किट हाउस में जमे रहे। इस दौरान शाम करीब 4 बजे तक पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू ने बारी-बारी से दावेदारों से बात की।

उन्हें बाकायदा टोकन बांटा गया। टोकन के हिसाब से ही वनटूवन के लिए एंट्री दी गई। इस दौरान भिलाई से बृजमोहन सिंह, अरुण सिसोदिया, नीता लोधी, लक्ष्मीपति राजू, सुमित पवार, आदित्य सिंह सहित अन्य पहुंचे। वहीं दुर्ग से गया पटेल, अय्यूब खान, दीपक दुबे, राजकुमार नारायणी, परमजीत सिंह भुई, राजकुमार पाली, नासीर खोखर, रत्ना नारमदेव सहित अन्य ने उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीण से राकेश ठाकुर, रिवेंद्र यादव सहित अन्य ने पर्यवेक्षक के सामने अपना पक्ष रखा। जानकारी के मुताबिक पर्यवेक्षक ने पूछा कि वे क्यों अध्यक्ष बनना चाहते हैं, यदि आपकी जगह किसी और को मौका मिले तो वह नाम कौन सा हो सकता है। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने को लेकर वे कौन-कौन से काम कर सकते हैं। इस प्रकार की अन्य बातें पूछी की। इस दौरान सहायक पर्यवेक्षक के रूप में अनिला भेड़िया, यूडी मिंज, विक्रम मंडावी सहित अन्य मौजूद थे।



### आज पैनल तैयार कर सौंपी जाएगी रिपोर्ट



चर्चा के है कि पैनल बनाकर पहली रिपोर्ट 10 अक्टूबर को पार्टी हाईकमान को सौंपी जाएगी। संगठन सृजन अभियान के तहत दुर्ग जिला ग्रामीण, दुर्ग शहर और भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष का निर्वाचन होना है। इसके लिए एआईसीसी ने पर्यवेक्षक के रूप में यूपी से पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को भेजा है। गुरुवार को वे पूरे दिन सर्किट हाउस में रहे। इस दौरान गहमागहमी की स्थिति बनी रही। सभी दावेदारों ने अपने को श्रेष्ठ बताने का प्रयास किया। खास बात यह है कि दावेदनों में वर्तमान और पूर्व अध्यक्ष के भी नाम शामिल हैं।

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर , 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




### मची अफरा-तफरी, मुआवजा निर्धारण नीति बदलने की वजह से परेशानी बढ़ी

# ट्रांसमिशन लाइन के मुआवजे को लेकर प्रभावितों का प्रदर्शन, पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

400 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना से प्रभावित किसानों ने गुरुवार को कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन किया। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर से मिलने गुहार लगाई लेकिन पुलिस प्रशासन और अधिकारियों ने मना कर दिया। इससे वहां किसान आक्रोशित हो गए और वहीं बैठकर नाराबाजी करने लगे। जिसके बाद अधिकारियों ने अपना ज्ञापन सौंप कर किसानों को जाने के लिए कहा जिससे आक्रोशित किसान ढालेश साहू ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आत्मदाह की कोशिश की। इसके बाद वहां अफ़रा-तफ़री मच गई। पुलिस ने तत्काल ढालेश को पकड़ा और उनके ऊपर पानी डाला। इसके बाद अधिकारियों ने किसानों को कलेक्टर से मिलने की अनुमति दी गई।



### मुआवजा वितरण में 30 प्रतिशत कटौती

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 19 ग्रामों के लगभग 1650 किसान है। जिनके खेतों में टावर लगाए गए हैं और टावर लाइन गुजरी है। जिसकी वजह से उनकी खेती भी प्रभावित होगी। किसानों ने बताया कि 400 के.वी. ट्रांसमिशन टावर लाइन परियोजना के तहत मिलने वाले मुआवजा वितरण में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है लेकिन इसमें पारदर्शिता का अभाव है। किसानों का कहना है कि प्रशासन ने मुआवजा वितरण अधिनियम 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया है तथा शासनादेश मार्च 2025 टावर बेस के 200 प्रतिशत और राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के 30 प्रतिशत मुआवजा राशि में मनमाने ढंग से कटौती की गई है। प्रभावित किसानों का आरोप है कि क्षेत्रीय तहसील कार्यालयों द्वारा बिना अधिसूचना जारी किए, बिना ग्रामसभा की सहमति और बिना सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराए किसानों से जबरन हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं, जो पूर्णतः नियम विरुद्ध है और किसानों के अधिकारों का हनन करता है। किसानों की मांग है कि जिला प्रशासन अधिनियम 2013 के अनुसार मुआवजा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए और पुनः सर्वे कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें।

## लूट के मामले में एक फरार एक साक्ष्य के अभाव में छूटा तीसरे को 5 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई तीन थाना अंतर्गत लूट के एक मामले में पुलिस की लचर जांच की वजह से एक आरोपी छूट गया, वहीं एक आरोपी अब तक फरार है। एक को सरकारी वकील सजा दिलाने में सफल रहे। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय में विचाराधीन इस मामले में आकोश कोहली (21 वर्ष) को न्यायालय से 5 साल की कैद और 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 2 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से आया फैसला

प्रकरण के मुताबिक घटना 5 अगस्त 2020 की रात करीब 2.45 बजे की है। प्रार्थी तरुण जोशी बाइक से जा रहा था। तभी आरोपी अजय भोई, आकाश कोहली और शेख शाहिद ने चाकू और डंडा दिखाकर तरुण को डराया और उससे करीब 14400 कीमत का मोबाइल छीन लिया। इसके बाद आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया। अजय मामले में फरार है। इस वजह से दोनों आरोपियों आकाश और शाहिद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां प्रकरण के विचारण के बाद आकाश पर दोष सिद्ध पाया गया। वहीं शेख शाहिद को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने बरी कर दिया। मामले में सरकारे के तरफ से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।

## चौहान ग्रीन वेली में शिक्षक से गाली गलौच, मारपीट में आई अदंरूनी चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत चौहान ग्रीन वेली में अधिवक्ता शुभा सान्याल के घर पर रहने वाले शिक्षक से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षक के प्राइवेट पार्ट पर भी मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस ने बलजीत सिंह सहित एक अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि अंकुश बोस पेश से शिक्षक है। मूलतः कोंडागांव के रहने वाला है। शिवा पब्लिक स्कूल भिलाई-3 में पढ़ाता है। अपने एक साथी समीर नागरिया के साथ शुभा सान्याल के निवास में किराए से रहता है। आरोपी घटना दिनांक की रात करीब 10.45 बजे वहां आया। और गाली गलौच करते हुए तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर विवाद करने लगा। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट। घटना में समीर और अंकुश दोनों को चोट आई है। इस मामले में अधिवक्ता शुभा सान्याल ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा लगातार कॉलोनी का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। अनावश्यक लोगों से मारपीट की जा रही है। हमारी पार्किंग की जगह पर वाहन खड़े कर दिए जा रहे हैं। अध्यक्ष को सूचना देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और भिलाई निगम से मांग की है कि वे कॉलोनी में आकर जांच करें और व्यवस्था दुरुस्त कराए।



हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

लाइव इवेंट

## 25 से 59 वर्ष के शिक्षकों ने फिटनेस का संदेश देने चलाई साइकिल



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकिल रन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज में स्वास्थ्य, पर्यावरण और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। साइकिल रैली को विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान फिट इंडिया- हिट इण्डिया यंग इंडिया, स्वस्थ तन में स्वस्थ मन जैसे नारे गूंज उठे। रैली में 25 वर्ष से 59 वर्ष तक के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और शहर में पर्यावरण-संवेदनशीलता तथा स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली का संदेश दिया। उमाशंकर मिश्र ने फिटनेस केवल शरीर की मजबूती नहीं, बल्कि मन के संतुलन और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। जब शिक्षक फिट रहेंगे, तो वे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। शिक्षक डॉ. अजय आर्य ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल एक स्वस्थ व्यायाम है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। यह ईको-फ्रेंडली परिवहन का सर्वोत्तम माध्यम है और हमें फिट रहने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ शिक्षिका नीता दास ने भी साइकिल चलाकर फिट इंडिया हिट इंडिया का नारा लगाया। शिक्षिका गुरलीन कौर ने बहुत समय बाद शहर की सड़कों पर साइकिल चलाने का अवसर मिलने की बातें कही। साइकिल चलाना शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखता है और मन को प्रसन्न करता है। रैली में राहत तस्नीम, टकेश्वर कुमार, एम.के. बोरकर, टी.एल. साहू, आशुतोष सिंह, सुरेश कुमार, सतीश कुमार धीवर, पुरषोत्तम साहू, अमित, शिल्पा ओझा, नंद कुमार, गजेंद्र देवांगन, कांक्षा, मोनिका श्रीवास्तव, नरेश कुमार सिंगरौल, सुभाष पांडे, रीखेन्द्र, वर्षा वर्मा, अल्तमश और प्रभारी सुरेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रैली का समापन विद्यालय परिसर में हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों ने फिट इंडिया, स्वस्थ भारत का संकल्प लिया। ने विशेष भूमिका निभाई।




पति की दीर्घायु के लिए सरगी की रस्म कर महिलाएं रखेंगी व्रत, चांद को अर्घ्य देकर होगा व्रत पूरा

# करवा चौथ से बाजार में लगे चार चांद, पार्लरों में बुकिंग फुल, हाथों में मेहंदी सजाने महिलाओं की लगी लंबी कतारें



**भिलाई। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को आज करवा चौथ का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना करेंगी। महिलाएं सोलह श्रृंगार करके भगवान शिव, माता पार्वती, करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा चंद्र देव का पूजन कर पति और परिवार की खुशी व तरक्की की कामना कर व्रत का पारण करेंगी।गुरुवार को करवा चौथ का ऐसा बाजार सजा दिखाई दिया जहां से शायद ही कोई सुहागन निराश होकर लौटे। रंग-बिरंगी झालर लगे मिट्टी के करवे 40, 50 से 80 और सौ रुपये में बिक रहे हैं। वहीं पीतल के करवे की कीमत 250 से 1500 रुपये तक है। सजी हुई चलनी, सींक, खील खिलौने और कैलेंडरों से पावर हाउस व सुपेला का बाजार पटा पड़ा है। सड़क के किनारों पर लगीं इन दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। करवा चौथ से पहले बाजार में पर्व की रंगत से चार चांद लग गए हैं। गुरुवार को करवा, पूजा थाल, चूड़ा, सींक, चूड़ियां, मेहंदी, मेकअप का सामान खूब खरीदा गया। वहीं पुरुषों ने भी पत्नियों को देने के लिए उपहार खरीदे।**





### पूजा व श्रृंगार की दुकानों में रही भीड़

करवाचौथ के एक दिन पहले सर्वाधिक भीड़ सेक्टर 6 ए मार्केट, पावर हाउस, आकाशगंगा, सुपेला, दुर्ग इंदिरा मार्केट, रिसाली सहित दुकानों पर महिलाओं ने मेकअप के सामान से लेकर पूजा की थाली और उसे सजाने के लिए सुहागिनों ने जरूरी चीजों की खरीदारी बाजार में घूम-घूमकर की। इसके अलावा मेहंदी की दुकानों, ब्यूटी पार्लरों में भी खासी भीड़ रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने करवा चौथ पर तैयार होने लिए बुकिंग करवाई और फेशियल, मेनिक्योर व पेडिक्योर आदि पहले से ही करवा लिए है। बाजार में जहां महिलाओं ने पूजा थाल और अन्य सजावटी जरूरी वस्तुएं खरीदीं, वहीं पतियों ने भी करवा चौथ पर उपहार देने के लिए खास खरीदारी की।



### मिरर और हैंडवर्क की साड़ियां बिकी



डिजाइनर संजना ने बताया कि इस बार महिलाएं व युवतियों में मिरर, मोती व हैंड वर्क की साड़ियों व सूटों की अधिक मांग देखने को मिल रही है। साड़ियों में गोटा व रिबन वर्क भी पसंद किया जा रहा है। इसमें पूरी साड़ी सिंपल होती है। बस नीचे के हिस्से में रिबन वर्क किया होता है। इन साड़ियों की कीमत पंद्रह सौ से तीन हजार रुपये से शुरू होती है।

### थ्रीडी मेहंदी पहली पसंद, देर रात तक रही भीड़

मेहंदी के बिना करवाचौथ का श्रृंगार पूरा नही हो सकता। मेहंदी आर्ट सेंटरों पर तो दिन भर महिलाओं की भीड़ लगी रही। इन दिनों सबसे ज्यादा मांग थ्रीडी मेहंदी की है। मेंहदी आर्टिस्ट रुपल व पलक गुप्ता ने बताया कि इस बार थ्रीडी के साथ करवाचौथ पर चांद देखती महिला मेंहदी डिजाइन की ज्यादा डिमांड है। जो तीन व पांच सौ रुपये में हाथों की मेहंदी की शुरुआत है। इसके बाद जैसी डिजाइन और मेहंदी के हिसाब से मूल्य तय होता है। घरों में जाकर भी मेहंदी लगा रहे हैं, लेकिन उसका अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। पैरों में भी अनेक डिजाइन लोगो को लुभा रहे है।

### मिट्टी के साथ ही पीतल के करवा की बढ़ी डिमांड

करवाचौथ पर आमतौर पर महिलाएं मिट्टी और पीतल के करवे ही खरीद रही हैं लेकिन इस बार बाजार में चांदी का करवा भी बाजार में मिल रहा है, जिसकी भी लोग खरीदारी कर रहे हैं।

सिटी इवेंट

## नर्सरी से क्लास 5 तक के बच्चों ने देखा हथकड़ी और लाकअप



**भिलाई।** अवेयरनैस प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूल के छोटे विद्यार्थियों को गुरुवार को सेक्टर 6 थाना और सिविक सेंटर स्थित बैंक का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को कानून व्यवस्था व बैंक से सम्बंधित प्राथमिक जानकारी दी गयी। जिससे नर्सरी से क्लास 5 तक के लगभग 50 बच्चे ने अवेयरनैस के तहत जानकारी प्राप्त की। ऐंजल वेली स्कूल हुडको भिलाई नगर की प्रिंसिपल सुष्मिता दास ने बताया कि उनके स्कूल से विद्यार्थियों को बौद्धिक ज्ञान के लिए प्रतिवर्ष पोस्ट आफिस, बैंक आदि संस्थाओं का विजिट कराया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष स्कूल की ओर से बच्चों को थाने व बैंक का विजिट कराया गया। स्कूल की प्रिंसिपल सुष्मिता दास ने बताया कि इसके तहत पहले बच्चों को सेक्टर -6 पुलिस थाने का विजिट कराया गया। जहां के टी आई जितेंद्र वर्मा ने बच्चों को पूरे थाने का भ्रमण करवाया। इसके साथ ही बच्चों को गुड और बेड टच की जानकारी दी। घर में पेरेंट्स व स्कूल में टीचर की बातों पर ध्यान देने को कहा। साथ ही हथकड़ी और लाकप आदि के बारे में जानकारी दी। वहीं बच्चों को मोबाईल ना देखने की नसीहत दी गई। इस दौरान बच्चों ने पुलिस की बातों को गौर से सुना। तत्पश्चात पुलिस द्वारा बच्चों को बिस्किट व चॉकलेट दिया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि बच्चे इस दौरान काफी उत्साहित थे।

- पुलिस ने दी मोबाइल ना देखने की नसीहत
- बच्चों को चॉकलेट व बिस्कुट का किया वितरण

बच्चों को सी सी स्थिति सेंट्रल बैंक ले जाया गया। जहां बैंक में जारी योजनाओं के साथ सुकन्या योजना की भी जानकारी दी गयी। वहीं पिगी बैंक में सेविंग के लिए बताया गया। बच्चों को जानकारी देते हुए बैंक स्टाफ भी उत्साहित था। इस दौरान स्कूल टीचर में उपासना सिंह , रश्मि सिंह , आकांक्षा बेलचंदन और आकांक्षा तिवारी उपस्थित थी।



## वनिता मंडल ने चार दिनों तक मनाया स्वर्ण जयंती शारदोत्सव, किया गरबा

**भिलाई।** वनिता मंडल पद्मनाभपुर दुर्ग की सदस्याओं ने द्वारा शारदोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन का स्वर्ण जयंती वर्ष था। इस दौरान पहले दिन शारदा माता की स्थापना पूजा, आरती, प्रसाद और तोरण बनाने की प्रतियोगिता और कलात्मक स्पर्धाएं आयोजित की गई थी। दूसरे और तीसरे दिन भी हास्य और कला से भरपूर प्रतियोगिताएं रखी गई। जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को कोजागरी शारदीय पूर्णिमा मनाई गई। वनिता मंडल का स्वर्ण जयंती वर्ष समिति की सुनीता पालेकर के घर पर कोजागरी सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान समिति की सभी महिलाओं ने श्वेत और दुधिया रंग की साड़ियों में सुसज्जित होकर श्रृंगार करके पहुंची थी। सभी ने मिलकर डांडिया रास गरबा भी खेला। सभी ने शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखी गई खीर का प्रसाद वितरित किया।

- वनिता मंडल पद्मनाभपुर ने मनाया स्वर्ण जयंती, पांरपरिक साड़ियों में सुसज्जित होकर किया श्रृंगार




## महिला स्व-सहायता समूहों को दी जियो टैगिंग की जानकारी



**भिलाई।** केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उददेश्य से वृक्षारोपण कराने दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ है। शासन के मंशानुसार महिलाओं का सहयोग लेकर प्रति महिला 100 पेड़ लगाने की योजना है, जिसके लिए प्रति महिला 8000 मानदेय केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाना है साथ ही जियो टैगिंग का 1000 रूपये अतिरिक्त दिया जाना है। नगर निगम भिलाई में 8 अगस्त से इस योजना की शुरूआत की गई है। महिलाओं के मानदेय भुगतान से संबंधित कुछ मांग थी, जिसके लिए महिला स्व-सहायता समूहों का निगम सभागार में बैठक आयोजित की गई।

- वूमन फार ट्री योजना के तहत भिलाई निगम में प्रशिक्षण

योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा सहित कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा एवं उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू की उपस्थित में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी महिला समूह जल्द ही सौंपे गए कार्य पूर्ण करें और जियो टैगिंग कर जानकारी उद्यान विभाग में प्रस्तुत करें, जिससे उनके मानदेय भुगतान हेतु शासन को भेजा जा सकें।

कार्नर न्यूज



कला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं का हुआ सम्मान

## भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी और मोहिनीअट्टम में दिखाई प्रतिभा, मनमोहक प्रस्तुतियां हुई सम्मानित





**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा एसएनजी विद्या भवन, सेक्टर-4 में जारी नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी प्रतियोगिता के पांचवें दिन रंगारंग प्रस्तुतियों से मंच सजा रहा। इस अवसर पर गुरुवार को लगभग 200 बच्चों ने विभिन्न शास्त्रीय नृत्यों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर निर्णायकों को अचंभित कर दिया। इस अवसर पर दो सौ बच्चों ने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनी अट्टम, तबला वादन और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के हुनर और उत्साह ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।





### यह रहे विजेता

नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर ग्रुप भरतनाट्यम में डी. शैलवी, तबला सब-जूनियर ग्रुप में शरविन मुगदल, सेमी-क्लासिकल जूनियर ग्रुप में अगाशी वर्मा और देवी प्रिया सरजित, भरतनाट्यम जूनियर में स्वास्तिका चेहल और संस्कृति सिंह, सब-जूनियर में अक्षरा के.एस. और कथक जूनियर ग्रुप में रविका साहू ने प्रथम स्थान हासिल किया। देश राग प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में भारतीय शास्त्रीय और लोक कलाओं के प्रति रुचि बढ़ाना और उनकी प्रतिभा को मंच देने के लिए हर साल किया जाता है। जिसमें बच्चें अंचल सहित अन्य प्रदेशों से आकर प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रस्तुति देते है।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 10 अक्टूबर , 2025



## खबर संक्षेप

### कुर्की कार्रवाई में दुकान सील, संचालक ने जमा की राशि

**भिलाई नगर।** जोन 4 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड 40 छावनी क्षेत्र में स्थित रामाधार सिंह के दुकान का संपत्ति कर 69781 रुपए जमा नहीं किए जाने के कारण कुर्की की कार्यवाही दुकान सील बंद निगम द्वारा किया गया था । रामाधार सिंह ने गुरुवार को दुकान का बकाया संपत्तिकर 82051 रुपए निगम कोष में जमा कर रसीद प्रस्तुत किया है । सहायक राजस्व अधिकारी एवं टीम द्वारा मौके पर उपस्थित होकर पंचनामा पश्चात दुकान पर लगे सील को खुलवाकर दुकान स्वामी को सुपुर्द किया गया है।कुर्की कार्रवाई के दौरान की गई सील दुकान द्वारा राशि जमा की गई।

### गांजा के साथ पकड़ाई महिला को 9 दिन की कैद

**दुर्ग।** गांजा के साथ पकड़ाई महिला को न्यायालय ने 9 दिन की कैद और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 3 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। घटना 26 अप्रैल 2025 की है। पुलिस ने मुखबिक की सूचना पर रूप नगर कुम्हारी स्थित शौचालय के पास से शांति बाई पति रायलो बेरसा (65 वर्ष) को 1.120 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से विचारण के बाद पर उसे जेल में निरुद्ध अवधि 27 अप्रैल 2025 से 6 मई 2025 तक यानी 9 दिनों की सजा से दंडित किया। मामले में शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने की।

### मनमर्जी से स्कूलों में आते और जाते हैं शिक्षक

# डीईओ की स्कूलों में दबिश, हेडमास्टर सहित 12 शिक्षक गैरहाजिर, दो प्राचार्यों को भी नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के शिक्षक बेलगाम हो गए हैं। अपनी मर्जी से स्कूल आते हैं और चले जाते हैं। प्रार्थना समय में ज्यादातर शिक्षक गायब ही रहते हैं। यह स्थिति मिली है धमधा व दुर्ग ब्लॉक के स्कूलों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने गुरुवार को स्कूलों के औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे।

**प्राचार्य गैरहाजिर, डीईओ ने खुद करवाई प्रार्थना**



### इन स्कूलों में शिक्षक मिले गायब

निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा में शालेय समय पर अधिकांश शिक्षक व कर्मचारी गायब मिले। जिसमें मजूला गजभिये, हीना कौसर, तरूलता सिन्हा, व्याख्याता एल.बी, गोविन्द कुमार सहायक शिक्षक एल.बी., सीमा जैन सहायक ग्रेड-02, सुधा शर्मा, सहायक ग्रेड-03 अनुपस्थित पाए गए हैं। सेजेस हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या धमधा का निरीक्षण के दौरान किरण वर्मा व्याख्याता एल.बी. अनुपस्थित मिली। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमधा में सुजिता ताम्रकार, विष्णु प्रसाद माली, अंजली कुलकर्णी, शिक्षक एल.बी. अनुपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक शाला धमधा का निरीक्षण के दौरान प्रधानपाठक लीना ताम्रकार अनुपस्थित पाई गई।

### दो प्राचार्य को नोटिस

डीईओ मिश्रा के निरीक्षण के दौरान प्रार्थना के समय कई शिक्षक स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं कभी भी आते - जाते पाये गये। शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं पर आने व जाने का कोई भी समय निर्धारित नही होने से प्राचार्य जोगेन्द्रर खनिजों एवं अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया हैं। सेजेस कन्या धमधा में भौतिक और रसायन शास्त्र मे प्रायोगिक कार्य अपूर्ण पाया गया जिसके कारण प्राचार्य सरिता लिखारे को नोटिस जारी किया गया हैं।

### प्रायोगिक कार्य अधूरा मिला

सेजेस हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरासिरसा में समय सारिणी अनुसार प्रायोगिक कालखण्ड प्रदर्शित नही किया गया था। यहां प्रायोगिक कार्य अपूर्ण कराया जाना पाया गया हैं। अपूर्ण प्रायोगिक कार्य कालखण्ड अनुसार समय-सीमा मे पूर्ण नहीं करवाने पर जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने नाराजगी जताई।

### पहले ही कोर्स है अधूरा

सरकारी स्कूलों में कोर्स वैसे की पिछड़ा हुआ है। किताबें समय पर नहीं मिली जिसकी वजह से शिक्षकों ने पढ़ाई नहीं करवाई। अब जब किताबें मिल चुकी है शिक्षक ही अपनी मनमर्जी से आने और जाने लगे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में मैदानी अमला भी मानिटरिंग नहीं कर रहा है। जिला स्तर पर अधिकारियों के औचक निरीक्षण पर पोल खुलती है।

# भिलाई शहर में गंदगी फैलाने वालों पर 4300 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मी लगातार युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। प्रतिदिन कर्मचारी अलग-अलग जोन क्षेत्र के साफ-सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने में जुटे है। साथ ही सिंगलयुज प्लास्टिक प्रतिबंधित होने के बाद भी कुछ लोगो द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही करने निर्देशित किए है।

- **हर दिन जोन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था में जुटा अमला**



जोन 01 नेहरू नगर के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना अपनी टीम के साथ वार्ड क्रं. 17 आकाश गंगा सुपेला में प्रतिष्ठान, फल ठेला में सिंगलयूज प्लास्टिक एवं गिला-सुखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने वालो की जांच किए है। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान, फल ठेला संचालकों द्वारा सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग करते हुए ग्राहकों को सामग्री डालकर बेचा जा रहा है। आदर्श सर्विस पेट्रोल पम्प में बाथरूम का साफ-सफाई ठीक नहीं रखने के कारण 2000 रूपये एवं यशवंत साहू टी स्टाल 400, वर्मा टी स्टाल नास्ता सेंटर 100, ओम स्व सहायता समूह नास्ता सेंटर 200, देवगढ़ स्व सहायता समूह नास्ता सेंटर 200, भीष्म देवांगन होटल 1200 तथा सांइ जूस कार्नर से 200 इस प्रकार कुल 4300 रूपये की चालानी कार्यवाही करते हुए प्लास्टिक को जप्त कर रसीद काटकर दिया गया। कार्रवाई के दौरान कमलेश द्विवेदी स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# दुर्ग के मेन मार्केट में खून से लथपथ मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग के इंदिरा मार्केट में खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देखा कि शव के सिर में चोट के निशान हैं। पुलिस हत्या के एंगल से जांच कर रही है। फोरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया। आरोपियों को पता लागने पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

गुरुवार 9 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे स्थानीय दुकानदारों ने जब खून से लथपथ शव पड़ा देखा तो वहां हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने तुरंत मामले की सूचना कोतवाली थाने में दी। पुलिस ने शव की जब जांच की तो पाया कि उसके सिर में चोट के निशान है। पंचनामा कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस का यह भी कहना है कि नशे की हालत में उसे मिर्गी का दौरा पड़ा होगा इससे उसके सिर व अन्य जगहों पर चोट लगी। रात में कोई उसे देखा नहीं और समय पर इलाज ना मिलने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस का ये भी कहना है कि जांच जारी है।

# रॉ वॉटर पाइपलाइन में लीकेज, जलापूर्ति प्रभावित, कल होगी स्थिति सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गंजपारा कब्रिस्तान के पास 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी रॉ वॉटर पाइपलाइन में लीकेज सामने आया है। 700 एमएम व्यास का यह पाइप बुधवार की देर रात फट गया। इस पाइप लाइन से प्रतिदिन फिल्टर प्लांट को बड़ी मात्रा में रॉ वॉटर भेजा जाता है, जो आगे टंकियों में जाकर शहरवासियों को पेयजल के रूप में उपलब्ध होता है। इससे शहर के अधिकांश हिस्सों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। पाइप लाइन का मेंटेनेंस 10 अक्टूबर को किया जाएगा। रिपेयरिंग के दौरान शिक्षक नगर पानी टंकी, तांदुला पानी टंकी, 11 एमएलडी की दोनों पानी टंकियां और आसपास का इलाका साथ ही शनिचरी बाजार पानी टंकी क्षेत्र में कुछ घंटों के लिए जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर जल विभाग की टीम को आवश्यक संसाधनों के साथ तैनात कर दिया है। अपील की गई है कि वे शुक्रवार को पानी का संयमपूर्वक उपयोग करें। आवश्यकता अनुसार पूर्व में जल का भंडारण कर लें। उन्होंने कहा कि निगम की तकनीकी टीम पूरी तत्परता से काम कर रही है और किसी भी असुविधा को न्यूनतम रखने का प्रयास किया जा रहा है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार 11 अक्टूबर से शहर के सभी प्रभावित क्षेत्रों में जलप्रदाय सामान्य रूप से किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### धनोरा में बनेगी पक्की सड़क, हुआ भूमिपूजन

**उतई।** आनंद नगर धनोरा में मुख्यमंत्री समग्र विकास प्राधिकरण मद से सीसी रोड लागत 7.80 लाख का भूमिपूजन बुधवार को किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत धनोरा की सरपंच रुलेश्वरी बंजारे ने कहा कि गांव में सड़क निर्माण से ही विकास दिखाई देता है। इसलिए सड़क निर्माण प्राथमिकता से किया जा रहा है।

## निधन

### बालमुकुंद तिवारी



**जामगांव आर।** स्थानीय निवासी बालमुकुंद तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुरुवार को मुक्तिधाम जामगांव आर किया गया। वे ओमप्रकाश तिवारी के भाई और शिवाशीष तिवारी के पिता थे।

### पं शिवकुमार तिवारी



**भिलाई।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के बुलापुर ग्राम के प्रतिष्ठित ब्राह्मण पं. शिवकुमार तिवारी 75 वर्ष का निधन 9 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे गंगा नदी के किनारे बुलापुर जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। वे प्रभा देवी के पति, पंडित संदीप तिवारी, सुदीप, प्रदीप, रेवती मिश्रा के पिता एवं विमलेंदु तिवारी, पूर्णेदु तिवारी, सुधेंदु तिवारी, सरधेंदु तिवारी के चाचा और पं. प्रेम नारायण शर्मा के भाई थे।

### महेन्द्र सिंह पवार



**दुर्ग।** सेवानिवृत शिक्षक डुड़िया निवासी महेन्द्र सिंह पवार (82 वर्ष) का निधन गुरुवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे केशर पवार के पति तथा किरण, मनोज एवं पत्रकार चंद्रशेखर पवार के पिता थे।

### बलवंत किन्हेकर



**रायपुर।** दुर्ग शंकर नगर निवासी बलवंत किन्हेकर 93 वर्ष का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश किन्हेकर के पिता, भास्कर के भाई और लक्ष्मीकांत एवं रविंद्र किन्हेकर के चाचा थे।

## आम सूचना

**बिक्री विलेख (Sale Deed) की सूचना**

प्रति

सभी संबंधित/सार्वजनिक विज्ञापन हेतु

**विषयः** उत्तराधिकारियों द्वारा विक्रय किये जाने एवं तत्पश्चात क्रेता द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फायनेंस के समक्ष बंधक रख ऋण लिये जाने के संबंध में सूचना।

मैं रेशमा गुप्ता पति - श्री वेदप्रकाश गुप्ता निवासी बिमलेश्वरी कॉलोनी, वॉर्ड नं. 51, ओम किराना स्टोर्स के पास, गली नं. -03, ब्लॉक नं.-06, बोरसी दुर्ग तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) सूचित करती हूं कि

**क्रेता का नाम एवं संपत्ति का विवरणः-** 01. श्रीमती प्रेमलता कलिहारी पति -स्व. श्री बी. आर. कलिहारी, 02. रश्मि साहू, 03. सौरभ, 04, ज्योत्सना कलिहारी सभी पिता - स्व. श्री बी. आर. कलिहारी, सभी निवासी प्लाट नं 60/2, शहनाई मैरिज पैलेश के बगल में स्मृति नगर, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) अपने पिता की हक आधिपत्य व स्वामित्व की फ्लैट मौजा -बोरसी,मयुरी हाईट्स अपार्टमेंट, फेस - II जिसका रकबा 619 वर्गफुट है, जो कि वाके मौजा - वॉर्ड नं - 52, बोरसी दक्षिण तहसील व जिला दुर्ग, प.ह.नं. 23, रा.नि.ग.- कसारीडीह तह. व जिला - दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है। यह कि, उक्त संपति को उपरोक्त विक्रेतागणों के स्व. पिता जी के नाम पर विक्रय विलेख एवं राजस्व विलेखो में दर्ज है, जिस्ते दिनाक - 8/10/2025 को मुझे विक्रय किया जा रहा है।

अतः मैं/हम यह घोषणा करते/करती हूं कि उक्त विक्रय विलेख के पंजीयन पश्चात उपरोक्त संपति को हिंदुजा हाउसिंग फायनेंस में बंधक रख कर ऋण सुविधा प्राप्त कि जा रही है।

यदि किसी संस्था/व्यक्ति उक्त विक्रय विलेख के पंजीकरण से किसी भी प्रकार के वाद - विवाद या समस्या हो तो कृपया तुरंत निम्निलिखित पते/संपर्क पर सूचित करें: रेशमा गुप्ता, पताः वेदप्रकाश गुप्ता निवासी बिमलेश्वरी कॉलोनी, वॉर्ड नं.-51, ओम किराना स्टोर्स के पास, गली नं.- 03, ब्लॉक नं.-06, बोरसी दुर्ग तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**मो. - 62688 90727**

मैं/हम अनुरोध करते/करती हू कि सार्वजनिक रूप से इस सुचना को स्वीकार कर लिया जाए और जो भी व्यक्ति/संस्था उक्त दस्तावेज के किसी भी प्रकार के उपयोग या हस्तांतरण के संदर्भ में कोई कार्रवाई करे, वह पहले मेरे/हमारे कार्यालय से संपर्क कर लेवें।

धन्यवाद

योगेश शर्मा
(अधिवक्ता)
जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9981-82390

हस्ताक्षर
नाम : - रेशमा गुप्ता
मो.- 62688 90727
दिनांक - 07/10/2025

## राष्ट्रीय पोषण माह पर हुआ जन जागरुकता कार्यक्रम

# बाल विवाह व भ्रूण हत्या रोकने शपथ ली ग्रामीणों ने, बांटी सुपोषण की किट

हरिभूमि न्यूज ▸▸। उतई/अंडा

**विधायक चंद्राकर ने मातृ शक्ति को किया नमन, स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति**





दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विनायकपुर में एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 'पौष्टिक आहार खाओ कुपोषण को दूर भगाओ' विषय पर हुआ। कार्यक्रम में बच्चों में संतुलित स्वास्थ्य व स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया , छोटे छोटे बच्चों व स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी।

आंगनबाड़ी के छोटे छोटे बच्चों को पानी बोतल उपहार स्वरूप दी गई। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं के गोद भराई रस्म के तहत दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भाग्यलक्ष्मी, नीलिमा चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर और चंद्रकला साहू को पौष्टिक आहार टोकरी भेट की। अन्नप्राशन संस्कार के तहत खुशिका, राजेश्वरी, भूविका व पीहू का मुंह मीठाकर पोषण किट प्रदान की गई। वहीं बाल विवाह व भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। अपने संबोधन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा स्वास्थ नारी सशक्त परिवार विश्व को चलने वाली कोई शक्ति है तो वह नारी शक्ति है परिवार की शक्ति समाज की शक्ति नारी है। इस अवसर पर दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने माताओं से स्वास्थ जीवन शैली अपनाने नियमित योगा अभियाष करने व संतुलित आहार विहार लेने प्रेरित किया। आयोजन में प्रमुख रूप से दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर संतोष निषाद, रजनी साहू , सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार परियोजना अधिकारी ऊषा झा, रेखा लोनारे, तृप्ति शर्मा, अधिवक्ता विभा मिश्रा, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज यादव, बूथ अध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन और पूर्व सरपंच सुखदेव देवांगन सहित आदि उपस्थित थे।

### स्वदेशी खिलौनों का निर्माण थीम के आधार पर बढ़ावा देने हुआ आयोजन



**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 25 के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में थीम आधारित गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी खिलौनों का निर्माण थीम के आधार पर महमरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में लगातार समय सारिणी अनुसार बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता निषाद द्वारा दी जा रही है, जहां बच्चे विविध गतिविधियां सीखते है इससे बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है और पालकों को भी खुशी होती है कि उनका बच्चा नई नई चीजें सीख रहा है। इसी क्रम में जब कार्यकर्ता द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए खेल आधारित शिक्षा पर बच्चों और उनके पालकों के लिए प्रदर्शन और गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं ने खुशी खुशी इसमें भाग लिया कार्यकर्ता ने क्राफ्ट पेपर से बच्चों के साथ मिलकर खरगोश और चूहा बनवाया तो फिर दूसरे दिन दिव्यांश निषाद स्वप्रेरणा से घर में एक कॉपी का पेज लेकर चूहा बनाकर लाया। कार्यकर्ता ने दिव्यांश का उत्साह वर्धन कर सुपोषण चौपाल में पुरस्कृत किया।

## मोहंदीपाठ शराब दुकान के नजदीक चखना सेंटर बिगाड़ रहा माहौल, दुर्घटना को दे रहा न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▸▸। निकुम



■ स्कूली बच्चों और राहगीरों को हो रही दिक्कत

प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही बंद पड़े पुरानी शराब भट्ठी सहित नई शराब दुकान खोली गई, जिसमें ग्राम मोहदी पाठ में कंपोस्ट शराब दुकान खोलना मदिरा प्रेमियों व अवैध शराब कोचियो की बल्ले हो गई हैं, वही शराब भट्टी के पास मुख्य मार्ग मोहंदी अर्जुन्दा सड़क किनारे दर्जन भर अवैध चखना सेंटर खुल गए, जिसमें खुलेआम प्रतिबंधित डिस्पोजल पानी पाउच बेचकर सड़क किनारे पड़े रहने से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। वही सड़क किनारे पियक्कड़ शराबी अपने वाहन खड़े कर देते है। गाली गलौज आम बात हो गई। गौर हो कि चखना सेंटर के पास ही पेट्रोल पंप होने के कारण महिलाएं भी पंप आती हैं, लेकिन अपनी दंबगई नीति से पियक्कड़ बाज नहीं आ रहे। देर शाम होते ही माहौल में आम जनो व स्कूली बच्चे इसी माहौल से डर के साए में गुजरते है। इस मामले में ग्राम पंचायत बघेली के सरपंच रामेश्वर साहू ने कहा कि सरकारी जगह अवैध कब्जा कर दुकान चलाने वाले को नोटिस दिये है, आखिर किसके इशारे पर चखना सेंटर चल रहा है, सवालिया निशान उठता है।

## नेशनल गतका चैम्पियनशिप भिलाई में खेलेंगे 16 राज्यों के 500 गतका खिलाड़ी

**भिलाई।** नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप का आयोजन 10,11,12 अक्टूबर 2025 को न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सौजन्य से भिलाई में किया जा रहा है। भिलाई में नेशनल गतका चैम्पियनशिप का होना



हम सबके लिए खुशी और गर्व की बात है। यह प्रतियोगिता गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 में समपन्न होगी। इस राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में सभी राज्यों के करीब 500 खिलाड़ी और 40 आफिशियल पहुंच रहे हैं। हमें अत्यंत प्रसन्नता के साथ 13वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप 2025 सब जूनियर, जूनियर, सीनियर में आपकी उपस्थिति से सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह उत्साहवर्धक आयोजन देश भर से आये विभिन्न पुरुष और महिला गतका खिलाड़ियों के स्वदेशी पारंपरिक मार्शल आर्ट कौशल के गहन मुकाबलों को देखने और उनका आनंद लेने का एक अनूठा और रोमांचक अवसर प्रदान करता है। यह आम जनता, खेल प्रेमियों और शुरुआती लोगों के लिए इस कला के बारे में और अधिक जानने का एक सुनहरा अवसर होगा। न्यू गतके स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों की राजधानी भिलाई में इस विशेष अवसर पर हमारे साथ शामिल हों।

## रक्तदान किया धमधा भाजपा मंडल ने



**धमधा।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत धमधा भाजपा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि लगभग 42 यूनिट रक्तदान कार्यकर्ताओ और आम नागरिकों ने किया। साजा विधायक ईश्वर साहू भी इस मौके पर उपस्थित रहे। विधायक साहू ने अपने हाथों से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट और प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है, उन्होंने वही पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव ने 42 यूनिट रक्तदान करने वाले रक्तदाताओ को प्रेरित करने के लिए लिए धमधा भाजपा मंडल की टीम की सराहना की। इस मौके पर महामंत्री बनऊ वर्मा, छगन साहू, मंत्री मनोज साहू, जितेंद्र देवांगन, दिनेश यादव, छत्रपाल चंदेल, बुधारू साहू, सागर वर्मा आदि उपस्थित थे।

## नगर पंचायत दुकानों के आवंटन का विवाद गहराया, कांग्रेसी पहुंचे कलेक्टोरेट तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पाटन



■ निष्पक्ष जांच की मांग उठाई, लगाए कई आरोप

नगर पंचायत पाटन में व्यावसायिक परिसर की दुकानों के आबंटन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार उठ रहे विरोध और सवालों के बीच अब कांग्रेसजनों एवं प्रभावित आवेदकों ने दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पारदर्शिता की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत प्रशासन ने गुपचुप तरीके से पसंदीदा लोगों को दुकानें आवंटित कर दी हैं, जबकि वास्तविक पात्र आवेदकों को पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया। नगर पंचायत द्वारा निर्मित व्यावसायिक परिसर की 37 दुकानों का टेंडर और आबंटन बिना किसी सार्वजनिक सूचना या पारदर्शी प्रक्रिया के किया गया। आवेदकों को इस प्रक्रिया की जानकारी तक नहीं दी गई। जब यह मामला सामने आया तो नगर में आक्रोश फैल गया और कांग्रेस पार्षदों के साथ आम नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप और नियमों की अवहेलना का आरोप लगाया है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि यह पूरा मामला जनहित से जुड़ा है और नगर पंचायत प्रशासन ने जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में बनाए गए इस व्यावसायिक परिसर का उद्देश्य स्थानीय युवाओं और छोटे व्यापारियों को अवसर देना था, लेकिन अब राजनीतिक दबाव में मनमाने ढंग से दुकानों का आबंटन कर दिया गया है।

कांग्रेसजन एवं आवेदक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीएमओ और नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली की जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि इस पूरे आबंटन पर तत्काल रोक लगाई जाए और नई प्रक्रिया सभी आवेदकों की उपस्थिति में, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाए वहीं, नगर के कई वरिष्ठ नागरिकों ने भी इस मुद्दे पर आवाज उठाई और कहा कि नगर पंचायत की यह कार्यवाही जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि हर आवेदक को समान अवसर मिले, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनता का विश्वास कायम रहे। इसने दिए आवेदन नगर पचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ,पार्षद पुरुषोत्तम कश्यप ,पार्षद मनोज कुर्रे , दीपक यादव ,नीरज देवांगन कांग्रेस नगर अध्यक्ष गोपाल देवांगन ,नीरज सोनी ,युवराज साहू ,लीलाधर वर्मा और दीनू शर्मा आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### कांती ज्वेलर्स में दिपावली का धमाका ऑफर को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक कोहका भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

## अंचल की खबरें

### जन विकास सेवा संस्थान जुटा सेवा कार्य में



**सेलूद।** दुर्ग जिला में स्वयं सेवी संस्था पाटन छत्तीसगढ़ी ग्रामीण जन विकास सेवा संस्थान के द्वारा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम किया जा रहा है। संस्था द्वारा मानव जीवन के सर्वोगिण विकास व सेवा परमो धर्मोः को अंगीकृत करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्र सेवा कार्य किए जा रहे है। अनु. जाति, अनु. जन जाति का शोषण रोकना, ग्रामसभा में महिलाओं कि भागीदारी सुनिश्चित करना, पर्यावरण, युवा सथियों में नेतृत्व का गुण विकसित करना बैंको से जुड़कर क्षेत्र के महिलाओं के द्वारा संयुक्त देयता समुह बनाकर उसके विभिन्न समस्याओं जैसे इनके घर में बीमारी, बच्चो का पढ़ाई, किसानी इत्यादी सुख-दुख में कार्य आने पर ऋण प्रदान करने में सहयोग प्रदान करना जैसे कार्य शामिल हैं। संस्था के अध्यक्ष हरप्रसाद आडिल ने बताया कि विभिन्न शासकीय विभागो से मान्यता प्राप्त भी कर ली गई है। नेहरू युवा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग से सिलाई प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। नाबार्ड इत्यादि से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। किसानो को केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने का कार्यक्रम भी किये जाते है।

### शरद पूर्णिमा पर न्योता भोज, परोसा पौष्टिक भोजन



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल बोरी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल ने शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया।

इस दौरान बच्चों को भोजन के साथ खीर परोसी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो, रामजी सिंग, व्याख्याता राजेश शुक्ला, प्रधापाठक दीपिका बघेल, संगीता शाह, अरुण चौबे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रारम्भ किये गये न्योता भोज कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। व्याख्याता राजेश शुक्ला ने बताया कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं।

### सेजस के 2 खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्पर्धा में



**सेलूद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय शाला (सेजस) जनता भिलाई-तीन के 2 खिलाड़ियों का चयन शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुआ है। कबीरधाम में 10 से 13 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्टबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालिका सॉफ्टबॉल टीम में टी यशवनी कक्षा 10 वीं का चयन हुआ है। साथ ही कोरबा में 12 से 15 अक्टूबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक में लक्की कुमार भास्कर कक्षा 12 वी का चयन हुआ है। उक्त दोनों खिलाड़ियों के चयन पर शाला की प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, शाला विकास समिति की अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, हेमलता गजपाल, रश्मि गुप्ता, रविप्रकाश देवांगन, सुनिर्मलकांत बंछोर, श्वेता करण, रेणुका खत्री, रश्मि चौबे, संध्या तिवारी, माधुरी गौतम, पूनम चंद कंवर , यादवेंद्र वर्मा, अभिषेक जामरे, अर्चना मिश्रा एवं समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों के साथ यीतेश कुमार साहू व्यायाम शिक्षक को भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### कांग्रेस नेत्री नंदनी शामिल हुई भाजपा में



**जामगांव आर।** कांग्रेस नेत्री नंदनी नंदू साहू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। बेलहारी के लोकार्पण भूमिपूजन मंच में सांसद विजय बघेल एवं जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू के समक्ष उन्होंने पार्टी का दामन थामा। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत चुनाव में नंदनी को 406 मत मिले थे और मात्र 13 मतों से उनकी हार हुई थी। समारोह में उपस्थित प्रदेश भाजपा मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, सोशल मीडिया प्रभारी अंगेश्वर साहू, सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर और भाजपा नेता यादमल गोलछा ने उनके भाजपा प्रवेश का स्वागत किया।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## जामुल सुरडुंग में जल्द बनेगा धान संग्रहण केंद्र, किसानों को नहीं करना पड़ेगा परेशानियों का सामना



**भिलाई।** नगर पालिका जामुल के वार्ड-20 जामुल सुरडुंग में धान संग्रहण केन्द्र शीघ्र ही बनेगा। जिसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किसानों की समस्या को देखते हुए भरपूर प्रयास किया। ठाकुर ने बताया कि सुरडुंग में धान संग्रहण केन्द्र खुलने से सिर्फ जामुल ही नहीं अपितु आस-पास के गांव के किसानों को भी लाभ होगा। पहले धान, बीज, खाद के लिए कोहका एवं नारधा संग्रहण केन्द्र का चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन सुरडुंग में संग्रहण केन्द्र खुलने से यहां के किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही इसी धान संग्रहण में किसानों से धान खरीदी भी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लिए उनके अपेक्षा अनुसार कार्य होना चाहिए। क्षेत्र के किसान भाइयों ने इसके लिए आग्रह किया था। जिसके प्रेरणा एवं सुझाव से यह कार्य हो रहा है। निरीक्षण के दौरान पार्षद शांति टंडन, अहिल्या वर्मा, दीपक गुप्ता, कृषक अशोक वर्मा, तुलाराम टंडन, उमेंद वर्मा, दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर सहित अन्य कृषक उपस्थित थे।

## धमधा में शरद पूर्णिमा पर कवियों ने जमाया रंग, सुनाई रचनाएं



**धमधा।** तमेर पारा चौक में शरद पूर्णिमा के अवसर पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गजेंद्र ताम्रकार के निवास में हुई इस गोष्ठी का संचालन कवि रामदेव शर्मा ने किया। वहीं आकाश शर्मा, प्रदीप ताम्रकार, गजेंद्र ताम्रकार, रामदेव शर्मा, मलिक मोहम्मद कुरैशी, नरेंद्र बाबा, तरुण ताम्रकार और धर्मेंद्र ताम्रकार के साथ विष्णु प्रसाद ताम्रकार ने अपने पिता की रचना का पाठ किया। सामर्थ ताम्रकार ने कहा कि तमेर पारा हमेशा से सांस्कृतिक साहित्य और अन्य सभी कार्यक्रमों का केंद्र बिंदु रहा है इसे हम और मजबूती प्रदान कर परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।



# करवा चौथ

## अटूट प्रेम और असीम आस्था का पर्व

सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व करवा चौथ इस वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दिनभर निर्जला व्रत रखकर महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख की कामना करती हैं। पारंपरिक सोलह श्रृंगार से सजी महिलाएँ शाम को करवा माता की पूजा-अर्चना कर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित करेंगी। यह पर्व नारी की अटूट आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

## पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख के लिए रखी जाती है निर्जला तपस्या



भारत की सनातन परंपराओं में करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है।

इस दिन विवाहित महिलाएँ अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखती हैं। पूरे दिन भोजन और जल का त्याग कर महिलाएँ श्रद्धा और भक्ति के साथ व्रत का पालन करती हैं।

### व्रत की शुरुआत 'सर्गी' से

करवा चौथ की परंपरा ससुराल पक्ष से मिलने वाली सर्गी से शुरू होती है। व्रत से एक दिन पूर्व या सुबह सूर्योदय से पहले महिलाएँ सास द्वारा दी गई सर्गी ग्रहण करती हैं। इसमें फल, मिठाई, मेवे, हलवा-पूरी, नारियल, श्रृंगार का सामान और वस्त्र आदि शामिल होते हैं। यही सर्गी दिनभर की ऊर्जा का आधार होती है।

### पूजा-विधि और कथा श्रवण

दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम के समय महिलाएँ सुहाग के पूर्ण श्रृंगार में सजकर करवा माता, भगवान शिव-पार्वती और गणेशजी की पूजा करती हैं। पूजा में मिट्टी या पीतल का करवा, दीपक, चावल, रोली, चंदन, फूल और मिठाई का उपयोग किया जाता है।

सभी महिलाएँ एक साथ बैठकर करवा चौथ की कथा सुनती हैं, जिसमें पत्नी के अटूट प्रेम और तपस्या से पति के पुनर्जीवित होने की प्रेरक कहानी होती है। कथा के बाद महिलाएँ करवा का आदान-प्रदान कर आरती करती हैं।

### चाँद को अर्घ्य और व्रत पूर्ण

रात्रि में जैसे ही चाँद उदित होता है, व्रतधारिणी महिलाएँ छलनी से चाँद का दर्शन करती हैं, फिर उसी छलनी से अपने पति का चेहरा देखती हैं। तत्पश्चात चाँद को अर्घ्य अर्पित कर उनके दीर्घायु और स्वास्थ्य की प्रार्थना करती हैं। पति अपनी पत्नी को जल पिलाकर व्रत तुड़वाते हैं। इसके बाद महिलाएँ भोजन करती हैं और व्रत पूर्ण होता है।

### व्रत का महत्व और संदेश

करवा चौथ का व्रत स्त्री के प्रेम, निष्ठा और त्याग का प्रतीक है। यह पर्व पति-पत्नी के अटूट संबंध को और भी गहरा करता है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण और विश्वास का संदेश देने वाला पर्व है।

यह व्रत नारी शक्ति के धैर्य, समर्पण और प्रेम का उत्सव है। करवा चौथ केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हर भारतीय नारी की आस्था का उज्जवल प्रतीक है – जो अपने प्रिय के जीवन में खुशियाँ और दीर्घायु की मंगल कामना करती है।















छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्यघर योजना में 1463 सोलर प्लांट लगे



**दुर्ग।** पीएम सूर्य घर योजना को लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभागार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के सभी कार्यपालन अभियंता, सोलर वेंडर, लीड बैंक मैनेजर और विभिन्न बैंकों के अन्य मैनेजर उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी सोलर वेंडर और विभागीय अधिकारी मिलकर सम्मिलित प्रयास करें, ताकि जिले को आवंटित लक्ष्य को पूरा किया जा सके। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बैठक में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत जिले की वर्तमान प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत कुल 5910 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1463 सोलर प्लांट स्थापित किये जा चुके हैं। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 1152 उपभोक्ताओं को शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी भी प्रदान की जा चुकी है। कलेक्टर सिंह ने विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जो पूर्व में रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं लेकिन जिन्होंने अभी तक वेंडर का चयन नहीं किया है।

# ‘ड्रिंक एंड ड्राइव’ के खिलाफ चला अभियान, पुलिस ने पियक्कड़ ड्राइवरों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ऑपरेशन “सुरक्षा” के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस हर दिन शाम को चेकिंग अभियान चलाकर पियक्कड़ ड्राइवरों के खिलाफ बड़ी चालानी कार्रवाई कर रही है। यातायात पुलिस ने बीती रात सैल परिवार चौक, सिविक सेंटर, भिलाई के पास एक मालवाहक वाहन को लहराते चलते देखा। पुलिस ने ओवर टेक करके उस वाहन को रोका। जब उसके ड्राइवर से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम उमाशंकर निवासी जमुल बताया। ब्रीथ एनालाइज़र से जांच करने पर पाया गया कि उसने काफी अधिक मात्रा में शराब पी है। इसके बाद उसके खिलाफ ‘ड्रिंक एंड ड्राइव’ का प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई। इसके बाद वाहन को जप्त कर न्यायालय भेजा गया।

## टैफिक पुलिस ने ऑपरेशन सुरक्षा के तहत कर रही है लगातार कार्रवाई

### यहां होगा चेकिंग प्वाइंट

एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया जिन जगहों पर भीड़भाड़ अधिक होती है और यातायात का दबाव होता है वहां पर हर दिन चेकिंग प्वाइंट लगाया जा रहा है। रेल चौक सेक्टर-6, मुर्गा चौक सेक्टर-1, सिविक सेंटर चौक, सिरसा गेट चौक, पुलगांव चौक तथा कुम्हारी टोल प्लाजा में चेकिंग के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें हर दिन ‘ड्रिंक एंड ड्राइव’ सहित यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही हैं।



### पिछले साल की तुलना में हुई अधिक कार्रवाई



एएसपी मिश्रा ने बताया कि पिछले साल की तुलना में यातायात पुलिस की कार्रवाई में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। साल 2024 में जनवरी से सितम्बर तक कुल 30,682 चालान किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 की समान अवधि में यह संख्या बढ़कर 58,484 चालान तक पहुंच गई है। पुलिस की इस कार्रवाई का यह प्रतिफल मिला है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। जैसे वर्ष 2024 की समान अवधि में 264 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी, जो वर्ष 2025 में घटकर 235 रह गई। इसी अवधि में कुल सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 944 से घटकर 855 और घायलों की संख्या 801 से घटकर 719 रही।

### यातायात पुलिस ने लोगों से की अपील

यातायात पुलिस दुर्ग ने सभी लोगों से एक अपील की है कि वो शराब का सेवन करके वाहन न चलाएं। गति सीमा का पालन करें। हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। स्वयं के साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा में भी सहयोग करें। “आपकी सतर्कता ही किसी परिवार की मुस्कान बचा सकती है।”

## इंटक यूनियन ने सीजीएम के साथ की बैठक

# बीएसपी में मैनपावर की कमी से कर्मियों की बढ़ रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर मैन पावर कम होने से कर्मचारियों को कई तररह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ विभागों में रेस्टरुम और टायलेट कैंटनी जैसी सुविधाएं भी बदहाल हैं। इंटक यूनियन यूनियन ने प्रबंधन से मैनपावर वृद्धि के साथ बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। इंटक यूनियन की सीजीएम शॉप्स एचके सचदेवा के साथ हुई बैठक में इंजीनियरिंग शॉप्स में मैनपावर की कमी को दूर करने, मार्स 1 के रेस्ट रूम को रिनोवेट कर सर्वसुविधायुक्त बनाने , मार्स 1,सीपीडी व फाउंड्री शाप के टॉयलेट को रिनोवेट करने , मार्स 1,2,3 मे अपग्रेडेड टूल्स की व्यवस्था करने व बरसात के पानी के कारण असुरक्षित हुए जगह को ठीक करने की मांग की गई। महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंजीनियरिंग शॉप्स में मैनपावर की कमी होती जा रही है जबकि प्लांट के एक्सपांशन के कारण वर्कलोड बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए मैनपावर बढ़ाने के साथ कार्य स्थल पर सेफ्टी को प्राथमिकता दिया जाए । डीजीएस शिव शंकर सिंह ने कहा कि मार्स1 के गेट नंबर1 एवं 4 के पास के टॉयलेट को रिनोवेट किया जाए व यहां पर वेस्टर्न टॉयलेट भी बनवाया जाये । मशीन शाप 1 के रेस्ट रूम को रिनोवेट कर सर्वसुविधायुक्त बनाने एवं एयर कंडीशन लगाने की मांग की । फोर्जिंग सेक्सन में सल्फोडाइजिंग का डोर ठीक से नहीं लगने की समस्या को उठाया एवं उसे सुधरवाने कहा। मशीन शॉप 1 में फ्लोर पर आइल की फिसलन को दूर करने की मांग की।

### शाप्स में टायलेट व रेस्टरुम रिनोवेट करने करने की मांग



### जर्जर हो रहे टायलेटों का करें रिनोवेशन

बैठक में संयुक्त सचिव एडी राव ने कहा कि मशीन शॉप में इस्तेमाल किए जाने वाले पुराने टूल्स को अपग्रेडेड, मलय बनर्जी ने मशीन शाप 1 में सर्वे-ऑफ हो चुकी मशीनों को शॉप फ्लोर से हटवाने एवं मच्छर की दवा छिड़कने और जॉइंट सेक्रेटरी के. वेणुगोपाल ने कहा कि फर्नेस में जाब को मैन्युअल पुश करने की बजाय ट्राली की व्यवस्था की मांग की। साथ ही सीपीडी के ओपन गेंट्री के पास टॉयलेट बनाने, एसएस शाप के छत से पानी टपकने के निदान व रेस्ट रूम को भी रिनोवेट करने की मांग की। बताया कि फाउंड्री शाप टॉयलेट का रिनोवेशन कर पानी की सप्लाई जल्द हो। सीजीएम ने सभी समस्याओं के जल्द निदान का आश्वासन दिया है। बैठक में प्रबंधन से मुख्य महाप्रबंधक शॉप्स हरीश कुमार सचदेवा, महाप्रबंधक डी. जगदीश महाप्रबंधक फाउंड्री शाप केके ठाकुर महाप्रबंधक राजीव सोनटके, जेके मोटवानी, एसके अग्रवाल यूनियन से महासचिव वंश बहादुर सिंह, संयुक्त सचिव मलय बनर्जी के. वेणुगोपाल डीपी साहू जे.बेंजमिन नीरज मार्टिन टेकराम डडसेना एवं कमलेश गजपाल उपस्थित थे।

## दिनभर खिली रही धूप, शाम को झमाझम बारिश



**भिलाई।** दो दिन से ऐसा लगने लगा था कि मौसम अब खुल गया है लेकिन गुरुवार को पूरे दिन धूप खिली रही और शाम को अचानक झमाझम बारिश हो गई। आसमान पर काले बादल आए और जमकर बरसे। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक ऐसी ही बारिश होने की संभावना जताई है। इधर दिन में तेज धूप की वजह से अधिकतम तापमान प्रदेशभर में दुर्ग का सबसे ज्यादा रहा। अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### होनहार बच्चों को करेगा सम्मानित इकरा एसो.

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की संस्था इकरा टीचर्स एसोसिएशन की ओर से होनहार बच्चों के सम्मान की तैयारियां चल रही हैं। एसोसिएशन की ओर से एयू खान ने बताया कि यह सम्मान समारोह लगातार 16वें वर्ष इसी माह अक्टूबर में दीपावली से पहले आयोजित होने जा रहा है। जिसमें मुस्लिम समुदाय के उन बच्चों की हौसला अफजाई की जाएगी, 10वीं एवं 12वीं के इम्तिहान में शानदार कामयाबी हासिल की है। 10वीं और 12वीं में 75 फीसदी या उससे ज्यादा अंक पाने वाले अपनी बच्चे अपनी अंकसूची की छायाप्रति अपने विस्तृत ब्यौरे के साथ जामा मस्जिद सेक्टर-6 के ऑफिस में इमाम और मुअज्जिन के पास 15 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। बच्चों को सम्मान के लिए शामिल किया जा सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### स्ट्रैटेजिक लीडरशिप कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाई।** एलिवेटिंग एक्जीक्यूटिव प्रेजेंस फॉर स्ट्रैटेजिक लीडरशिप विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त थे। महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय के स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि अनुप कुमार दत्त ने नेतृत्व में उपस्थिति, संयम और आत्मविश्वास के महत्व पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों का संचालन पूर्व निदेशक एससीआई एवं पूर्व कार्यपालक निदेशक एसपी जग्गी सेल द्वारा किया गया। संचालन उपप्रबंधक जोजन जोस ने किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधकों ने भाग लिया ।

### बीएसपी की हिर्री डोलोमाइट खदान को पांच सितारा रेटिंग



**भिलाई।** संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म द्वारा नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र की हिर्री डोलोमाइट खदान को पांच सितारा रेटिंग प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पाँच सितारा रेटिंग अवार्ड रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरि ने यह सम्मान संयंत्र की ओर से ग्रहण किया। मुख्य महाप्रबंधक( खदान) आईओसी राजहरा खदान आरबी. गहरवार सीजीएम सह अभिकर्ता, हिर्री खदान चिंतला श्रीकांत जीएम, राजहरा खदान जयप्रकाश, डीजीएम सह खदान प्रबंधक सोमनाथ कुमार सिंह तथा पीपीएस सहगल भी उपस्थित थे।

### महाबोधि महाविहार मुक्ति की रैली 14 को

**भिलाई।** भारत में चल रहे बौद्ध गया महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के तहत सर्व दलीय बैठक केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री माननीय रामदास आठवले के नेतृत्व में हुई। बैठक में भिलाई से आल पीएसयू एससीएसटी फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील रामटेके भी शामिल हुए। सुनील रामटेके ने बताया आंदोलन के प्रणेता भंते विनयाचार्य दीक्षाभूमि समिति के सचिव डॉ.राजेंद्र गवई जी , प्रो. जोगेंद्र कवाड़े, बौद्ध महासभा के ट्रस्टी अध्यक्ष चंद्रबोधी पाटिल व देशक खोबरागड़े जी संयुक्त रूप से उपस्थित थे। 14 अक्टूबर को मुंबई आजाद मैदान में भीम सैनिकों की रैली निकालने का निर्णय लिया गया। इस आंदोलन को आरपीआई के सभी बौद्ध, बौद्ध संस्थाएं बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल सहित सर्वदलीय नेताओं ने समर्थन किया है।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
11 अक्टूबर, दिन शनिवार, समय : 10.30 से 4 बजे
तसकर हेल्थ केयर, आर्य नगर, गंगोत्री हॉस्पिटल के सामने, देना बैंक के बाजू, दुर्ग
क्या आपकी नश दब गई है ?
नशों में दबाव के कारण :
दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन
ज्यादा चलने पर एवं खड़े होने पर दर्द होना
असहनीय दर्द से छुटकारा
हर कदम चले बिना दर्द के
लकवा, स्लिप डिस्क
रीढ़ की हड्डी में दर्द
सयाटिका
एड़ी दर्द, कंधा दर्द, गर्दन दर्द
Cervical Spondylosis
अकड़न एवं चक्कर
युरिक एसिड RA Factor बढ़ना
Varicose Veins
नीली नशो का गुच्छा
घूटना दर्द (Osteoarthritis)
घूटने एवं पैरों में सूजन
ज्यादा चलने एवं बैठकर उठने में दर्द
कट-कट की आवाज
लिक्विड कम होना, हड्डी में गैप होना।
सीढ़ी चढ़ने-उतरने में दर्द
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थायी पता : कटोरा तालाब, नेताजी चौक, रायपुर

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
के (NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएँ
अब भिलाई, दुर्ग में
दिनांक : 11 अक्टूबर 2025, शनिवार
समय : दोपहर 2 से सायं 4 बजे तक
स्थान : चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल, नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी पश्चिम, भिलाई
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पटेल
सलाहकार, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
एमबीबीएस, एमडी (रेडियोथेरेपी)
बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही डॉक्टर से मिलें
• स्तन में गांठ • मुँह में अल्सर या गले में गांठ
• मल या मूत्र विसर्जन की आदतों में परिवर्तन
• कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
• लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
• निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
• रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
• शरीर में खून की कमी/कमजोरी थकान महसूस होना
• पीलिया, गाढ़ी पेशाब होना
• बार-बार बुखार आना • जोड़ों में दर्द होना
• शरीर के किसी भाग में गांठे दिखना
• आसानी से चोट लगना, छोटे लाल धब्बे आना
• वजन में कमी
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 8871663478
8282823333, 8282824444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL